तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 हल्दीबाड़ी यातायात चौक पर पिकअप और ट्रक की भीषण टक्कर में चार हुए घायल






## कन्या छात्रावास समेत आसपास का परिसर जलमग्न

# संजयनगर मुख्य मार्ग बना नदी, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- शहरी क्षेत्र में जल निकासी की बदहाल व्यवस्था लोगों के लिए बनी मुसीबत

कोरिया जिले में बुधवार से मानसून फिर सक्रिय होने के बाद लगातार हो रही बारिश से जहां किसानों के चेहरे खिल उठे हैं, वहीं शहरी क्षेत्र में जल निकासी की बदहाल व्यवस्था लोगों के लिए मुसीबत बन गई है।

जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर से लगे ग्राम पंचायत तलवापारा के संजयनगर मुख्य मार्ग पर रविवार रात से सोमवार देर शाम तक बरसाती पानी नदी-नाले की तरह सड़क पर बहता रहा। करीब 200 मीटर तक सड़क जलमग्न रहने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पैदल चलने वाले लोगों को सड़क छोड़कर किनारे से गुजरना पड़ा, जबकि दोपहिया वाहन चालक बड़े वाहनों के गुजरने पर उड़ने वाले पानी के छींटों से बचते हुए सावधानी से आवागमन करते रहे। पेट्रोल पंप से लेकर बुलेट शोरूम के पास तक खेतों से आने वाला बरसाती पानी लगातार मुख्य सड़क पर बहता रहा, जिससे पूरे दिन यातायात प्रभावित रहा। सबसे ज्यादा पैदल चलने वालों को दूसरी वाहनों के आवागमन के दौरान पानी का छिंटा पड़ने की आशंका को लेकर सड़क को छोड़ किनारे से आवाजाही करने को मजबूर रहे, वहीं दो पहिया वाहन चालक भी बड़े वाहनों के आवाजी के दौरान पड़ने वाले पानी के छिंटे से बचते हुए वाहन चलाते आवाजाही करते रहे।





### कन्या छात्रावास तक पहुंचा पानी

संजयनगर पेट्रोल पंप के पीछे संचालित अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास भी जलभराव की चपेट में आ गया। सोमवार सुबह छात्रावास के मुख्य प्रवेश द्वार तक पानी बहता रहा, जिससे छात्राओं को बारिश के पानी के बीच से होकर विद्यालय के लिए निकलना पड़ा। हर वर्ष बारिश में यह स्थिति बनती है, लेकिन अब तक स्थायी जल निकासी की व्यवस्था नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द प्रभावी समाधान की मांग की है। कुछ लोगों ने बताया कि इस तरह की समस्या प्रतिवर्ष बरसात के दिनों में होती है इसके बावजूद जल निकाली की उचित व्यवस्था अब तक नही बनाई जा सकी, नतीजा प्रतिवर्ष बरसात में उक्त छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को बरसात के दिनों में छात्रावास से अपने अपने विद्यालय आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ती है।

### लाखों की नाली बनी, लेकिन समस्या जस की तस

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले नाली नहीं होने के कारण हर बारिश में सड़क पर पानी भर जाता था। इसी समस्या के समाधान के लिए लाखों रुपए की लागत से सड़क किनारे नाली का निर्माण कराया गया, लेकिन निर्माण के बाद भी हालात नहीं बदले। बारिश का पानी नाली में जाने के बजाय सीधे सड़क पर बह रहा है। लोगों का आरोप है कि निर्माण के दौरान ही नाली की ऊंचाई और ढलान को लेकर सवाल उठाए गए थे, लेकिन उन्हें नजर अंदाज कर दिया गया। नतीजा यह है कि हर बारिश में वही पुरानी समस्या सामने आ रही है।

# बरसात में नाली निर्माण बना परेशानी का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- छिंदडॉड सरकारी कॉलोनी के रहवासी हलाकान

बरसात के मौसम में शुरू किया गया नाली निर्माण कार्य छिंदडॉड स्थित सरकारी आवासीय कॉलोनी के रहवासियों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। निर्माण कार्य के चलते कॉलोनी की गलियों में जगह-जगह खोदे गए गड्ढों से वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वाले लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर जाने से आवागमन और अधिक मुश्किल हो गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत तलवापारा अंतर्गत छिंदडॉड में सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बनी आवासीय कॉलोनी में डीएमएफ मद से नाली निर्माण कराया जा रहा है। 440 मीटर लंबी नाली के निर्माण के लिए 22 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। बताया जा रहा है कि इस कार्य को वर्ष 2025 में ही स्वीकृति मिल गई थी, लेकिन उस समय केवल लेआउट तैयार करने के बाद काम आगे नहीं बढ़ सका। इसके बाद कार्य की गति शुरू होने से पहले ही करीब 40 प्रतिशत राशि आहरित किए जाने की बात सामने आ रही है। वहीं वर्ष 2026 में बारिश शुरू होने के बाद नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। नाली निर्माण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत तलवापारा को दी गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत की लापरवाही के कारण समय पर कार्य शुरू नहीं हो सका, जिसका खामियाजा अब बारिश के दौरान कॉलोनी के रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है।



### जेसीबी से खुदाई के कारण पाइप लाइन क्षतिग्रस्त

रहवासियों का कहना है कि नाली निर्माण के लिए जेसीबी मशीन से खुदाई कराई गई, जिसके कारण कई स्थानों पर पानी ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### आंबा केंद्र में बच्चों को गणवेश वितरित



**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत नगर पंचायत खोंगापानी के वार्ड क्रमांक 11 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों को गणवेश वितरित किए गए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को गणवेश प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों के समग्र विकास और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को पोषण, शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। गणवेश वितरण से बच्चों में विद्यालय और आंगनबाड़ी के प्रति आत्मीयता बढ़ेगी। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद जितेंद्र गुप्ता, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद इरशाद अहमद, पिंटू भास्कर, अब्दुल अजीज (अज्जू), शिवलाल चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### खोंगापानी आविमं स्कूल के अध्यक्ष बने धीरेंद्र




**मनेन्द्रगढ़।** खोंगापानी नगर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र विश्वकर्मा को आदर्श विद्या मंदिर हाई सेकेंडरी स्कूल, मेन मार्केट खोंगापानी का नव नियुक्त अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकतार्ओं एवं नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत खोंगापानी के जनप्रतिनिधियों, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, गणमान्य नागरिकों तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। उपस्थित सभी लोगों ने श्री विश्वकर्मा का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय का संचालन और अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से होगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार होती है। विद्यालय के अध्यक्ष के रूप में धीरेंद्र विश्वकर्मा के अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ संस्था को मिलेगा।

### जिला स्तरीय छात्रावास समिति की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग अंतर्गत संचालित वर्ष 2026-27 के लिए जिले के 51 आश्रमों एवं छात्रावासों में नवीन छात्र-छात्राओं के प्रवेश के संबंध में जिला स्तरीय छात्रावास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रवेश प्रक्रिया की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को छात्रहित सर्वोपरि रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जांगड़े ने कहा कि छात्रावासों एवं आश्रमों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश का लाभ मिले तथा किसी भी पात्र छात्र-छात्रा को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि अनाथ एवं माता-पिता विहीन बच्चों को प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता के साथ प्रवेश दिया जाए। बैठक में कलेक्टर ने छात्रावासों की सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए महिला छात्रावासों में महिला होमगार्ड की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों को भी छात्रावासों की नियमित देखरेख एवं निगरानी में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।

### बारिश के बाद छाया घना कोहरा...



**बैकुण्ठपुर।** मानसूनी सीजन में कई दिनों की बारिश के बाद बैकुण्ठपुर सोनहत मार्ग पर शिवघाट एवं उपरी हिस्से में सोमवार को घना कोहरा देखने को मिला। घाटी के उपरी क्षेत्र के कई गांव इस दिन सुबह से ही कोहरे के आगोश में घंटों ढंके रहे।

# स्कूल परिसर में पलटा पाठ्यपुस्तकों से भरा ट्रक

- चालक-खलासी ने कूदकर बचाई जान

**नागपुर।** अंबिकापुर स्थित स्कूली पुस्तक डिपो से छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा भरतपुर एवं मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के शासकीय स्कूलों में कक्षा पहली से आठवीं तक की पाठ्यपुस्तकों के वितरण के लिए भेजा गया ट्रक सोमवार करीब 3:00 बजे लाई स्कूल परिसर में हादसे का शिकार हो गया।

जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक स्कूल परिसर में पुस्तक वितरण के लिए वाहन को अंदर ले जा रहा था। इसी दौरान मोड़ लेते समय ट्रक का ब्रेक फेल हो गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। अनियंत्रित ट्रक नेशनल हाईवे-43 के किनारे स्थित खेत की ओर फिसलते हुए पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही स्कूल संकुल लाई-नागपुर के समन्वयक दुर्गा प्रसाद जायसवाल ने तत्काल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया। अधिकारियों के निर्देश पर ट्रक में लदी सभी पाठ्यपुस्तकों को सुरक्षित बाहर निकलवाकर लाई स्कूल में रखवा दिया गया, ताकि वितरण कार्य प्रभावित न हो। हादसे के दौरान चालक और खलासी ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते ट्रक से छलांग लगा दी, जिससे दोनों सुरक्षित बच गए। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुस्तकों को भी सुरक्षित बचा लिया गया है।



### संकुल समन्वयक ने दिखाई तत्परता

जिस वक्त ट्रक खेत में पलटी उस वक्त बारिश हो रही थी और पूरी पुस्तकें पानी से भींगने जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी ,किंतु तत्काल एहतिहाती उपाए करते हुए संकुल समन्वयक की तत्परता से लाखों रुपए के पुस्तकें ट्रैक्टर ट्राली में लोड करवा कर सुरक्षित लाई संकुल परिसर में रखवाया गया। एमसीबी जिले के जिला शिक्षा अधिकारी रविकांत यादव एवं बीईओ विपिन कुमार पांडे द्वारा लाखों रुपए के पुस्तक सुरक्षित करने में संकुल समन्वयक दुर्गा प्रसाद की तत्परता की प्रशंसा की गई है।

# नए जिला पंचायत सीईओ योगेन्द्र ने संभाला पदभार

**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत कोरिया के नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) योगेंद्र श्रीवास ने सोमवार को पदभार ग्रहण करते ही जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।



- जनहितकारी योजनाओं की रफ्तार बढ़ाना पहली प्राथमिकता

उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति तथा विभागीय दायित्वों की विस्तृत जानकारी ली। इसके पहले नव पदस्थ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेंद्र श्रीवास ने कलेक्टर रोक्तिमा यादव से मुलाकात की। नव पदस्थ सीईओ ने विशेष रूप से विकसित भारत जीरामजी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी गंभीरता और समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सीईओ योगेन्द्र राज्य प्रशासनिक सेवा के 2016 बैच के अधिकारी हैं। वे जशपुर, बलौदाबाजार सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्व निभा चुके हैं। कोरिया जिले में पदस्थापना से पूर्व वे मार्कफेड में पदस्थ थे। उनके प्रशासनिक अनुभव से जिले में ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़ें

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती यादव ने जिले के सभी ग्रामीणों एवं पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों, चौक-चौराहों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर खुला न छोड़ें। उन्होंने कहा कि आवारा विचरण करने वाले मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ पशुधन की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक पशुपालक अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखे तथा उनकी देखरेख की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने नागरिकों से भी इस जनहितकारी अभियान में सक्रिय सहयोग करने और सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का साथ देने की अपील की। 16 जुलाई को आयोजित जिला स्तरीय गौधाम समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप जिले में घुमंतू मवेशियों के सुरक्षित विस्थापन के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है।

# विवेचना की गुणवत्ता सुधारने पुलिस का सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

न्यायालयों में अपराधों के प्रभावी अभियोजन और दोषमुक्ति की बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए जिला पुलिस एमसीबी द्वारा विवेचना की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में 18 जुलाई को ‟विवेचना सुधार एवं न्यायालयीन दोषमुक्ति" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा (आईपीएस) तथा पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह (आईपीएस) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक भी उपस्थित रहे। सेमिनार का उद्देश्य विवेचना के दौरान होने वाली सामान्य त्रुटियों को चिन्हित कर उन्हें दूर करना तथा अनुसंधान की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी बनाना था। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कानूनविदों, जिला लोक अभियोजन अधिकारी, अतिरिक्त जिला लोक अभियोजकों एवं सहायक शासकीय अधिवक्ताओं ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) सहित विभिन्न विशेष अधिनियमों से जुड़े प्रकरणों की विवेचना पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।



विशेषज्ञों ने बताया कि विवेचना के दौरान साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से संकलन, दस्तावेजों का विधिसम्मत संधारण, गवाहों के बयान, इलेक्ट्रॉनिक एवं भौतिक साक्ष्यों का सही प्रस्तुतिकरण तथा समयबद्ध अनुसंधान न्यायालय में अभियोजन को मजबूत बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विवेचना में होने वाली छोटी-छोटी कानूनी त्रुटियों से बचने और प्रत्येक प्रकरण में गुणवत्ता आधारित अनुसंधान सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। सेमिनार में जिले के थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ विभिन्न ⏭ शेष पेज 4 पर

### कानूनी अधिकारों की दी गई विस्तृत जानकारी

**मनेन्द्रगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आयोजित करियर काउंसलिंग श्रृंखला का अंतिम दिवस आज शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, झगराखांड में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, करियर, कौशल विकास, आत्मनिर्भरता तथा जीवन में उपलब्ध अवसरों के प्रति जागरूक करना था। सत्र में अंतिम दिवस छात्राओं ने सहभागिता करते हुए विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, कौशल विकास कार्यक्रमों तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई।

## कोरिया के 23 वें एसपी हरीश राठौर से हरिभूमि की खास बातचीत

# जनता का भरोसा जीतेंगे, अपराधियों में रहेगा पुलिस का खौफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के 23वें पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार संभालने वाले हरीश राठौर ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जिले में अपराध और अवैध कारोबार के लिए कोई जगह नहीं होगी। वहीं आम जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान, संवेदनशील पुलिसिंग और कम्युनिटी पुलिसिंग को नई दिशा देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। सोमवार को हरिभूमि से विशेष बातचीत में एसपी श्री राठौर ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता मजबूत करना उनकी पहली प्राथमिकता है। जिले के सभी थानों में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाएगा और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि कोई भी व्यक्ति निराश होकर वापस न लौटे। इसके लिए उन्होंने चरचा, सोनहत आदि थानों का निरीक्षण भी किया है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध शराब, नशे के कारोबार, जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार और सख्त कार्रवाई की जाएगी। कानून का उल्लंघन करने वालों में पुलिस का खौफ रहेगा, जबकि आम नागरिक पुलिस को अपना सहयोगी महसूस करेंगे। भ्रमण के दौरान बेहतर पुलिसिंग के लिए सबसे पहले जिले की स्थिति का फीडबैक लिया जा रहा है। इसके आधार पर प्रभावी रणनीति तैयार कर कम्युनिटी पुलिसिंग को और मजबूत किया जाएगा। पुलिस की मौजूदगी आमजन के बीच और अधिक सक्रिय तथा भरोसेमंद होगी।



### अनुभव का मिलेगा जिले को लाभ

एसपी हरीश राठौर इससे पहले मुख्यमंत्री सुरक्षा (सीएम सिक्योरिटी) रायपुर में पदस्थ रहे हैं। वे राज्य के कबीरधाम, बालोद, सूरजपुर, रायगढ़, सुकमा और बलौदाबाजार जैसे जिलों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में उनके अनुभव का लाभ अब कोरिया जिले को मिलेगा।

### जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव

साइबर अपराध को लेकर एसपी श्री राठौर ने कहा कि डिजिटल ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर रुपए मांगना, ऑनलाइन निवेश और लॉटरी के नाम पर ठगी जैसी घटनाओं से बचने के लिए लोगों को सतर्क रहना होगा। पुलिस कार्रवाई करती है, लेकिन जागरूकता ही सबसे प्रभावी सुरक्षा है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अपराध या अवैध कारोबार की सूचना बिना किसी डर के पुलिस को दें। सूचना देने वालों की गोपनीयता बनाए रखते हुए त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# अलंग स्मृति सम्मान समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की अनूठी परंपरा के तहत लज्या अशोक कुमार अलंग स्मृति सम्मान समारोह 2026 का आयोजन 22 जुलाई, बुधवार को दोपहर 12 बजे से शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष यह सम्मान समारोह अपने दसवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

समारोह के अंतर्गत प्रतिवर्ष बैकुंठपुर के दो प्रमुख शासकीय विद्यालयों—शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय—के बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाता है। आयोजन प्रतिवर्ष एकांतर क्रम में दोनों विद्यालयों में संपन्न होता है। इस वर्ष मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया जाएगा। यह सम्मान समारोह वरिष्ठ प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी एवं पूर्व कमिश्नर डॉ. संजय अलंग द्वारा अपने पूज्य माता-पिता स्वर्गीय लज्या अलंग एवं स्वर्गीय अशोक कुमार अलंग की पावन स्मृति में आयोजित कराया जाता है।

स्वर्गीय लज्या अलंग ने शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में तथा स्वर्गीय अशोक कुमार अलंग ने शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में लंबे समय तक शिक्षकीय सेवाएं प्रदान कीं। दोनों ही शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित रहे और उन्होंने अनेक विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. संजय अलंग की प्रारंभिक शिक्षा भी बैकुंठपुर में ही हुई, जिससे उनका इस नगर और यहाँ की शैक्षणिक परंपरा से विशेष जुड़ाव रहा है।



# रामायण के इवेंट से ट्रेलर लीक रावण बने यश की मिली पहली झलक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित इस इवेंट में पहली बार फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर दिखाया गया। ट्रेलर दिखाने से पहले मेकर्स और ऑर्गेनाइजर ने कई बार इस बात की अपील की थी कि कोई भी इसका वीडियो या फोटो ना ले, क्योंकि आने वाले दिनों में इसे आधिकारिक तौर पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर कोई भी ट्रेलर रिकॉर्ड करता पाया जाता है, तो उसी वक्त उससे फोन ले लिया जाएगा। इसके अलावा एंट्री के वक्त भी एक ऑनलाइन डॉक्यूमेंट पर साइन करवाया गया था कि दर्शकों द्वारा ट्रेलर की रिकॉर्डिंग नहीं की जाएगी। इन सब के बावजूद वहां मौजूद कुछ लोगों ने ट्रेलर को रिकॉर्ड करके ऑनलाइन लीक कर दिया। जिसमें रावण बने यश की पहली झलक मिली।

## लाइफ Style



# रकुल
## रामायण का हिस्सा बनकर खुशी से झूमीं

रणबीर कपूर और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म 'रामायण' का हिस्सा बनकर रकुल प्रीत सिंह बेहद खुश हैं। फिल्म का भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर रकुल प्रीत सिंह भी शामिल हुईं। फिल्म में काम करने को लेकर अभिनेत्री बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर खुशी जताई है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रकुल प्रीत सिंह ने इस प्रोजेक्ट को सिनेमा से भी आगे की एक यात्रा बताया है। आज रविवार को रकुल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'रामायण' के भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट की झलकियां शेयर कीं। साथ ही इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के बारे में बात की। इवेंट में रकुल प्रीत येलो कलर की ड्रेस में नजर आईं। उन्होंने लिखा है, 'एक ऐसी चीज का हिस्सा बनना सम्मान की बात है, जो जिंदगी और सिनेमा से भी कहीं बड़ी है। हमारा इतिहास, हमारी विरासत, हमारी रामायण। हम दुनिया के सामने भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह एहसास सचमुच शब्दों से परे है। आप सभी के हमारे साथ इस दुनिया में कदम रखने का बेसब्री से इंतजार है'। बता दें कि रकुल प्रीत सिंह को नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में शूर्पणखा की भूमिका में देखा जाएगा। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में होंगे। वहीं, साई पल्लवी माता सीता का रोल कर रही हैं। एक्टर यश रावण की अहम भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला हिस्सा इस साल दिवाली पर आएगा। वहीं, दूसरा पार्ट अगले साल यानी 2027 में दिवाली के अवसर पर रिलीज होगा।

## हॉलीवुड मसाला



# त्साही ने बॉलीवुड गाने पर किया डांस

**लॉस एंजिल्स।** फौदा के इस मशहूर स्टार त्साही ने इजराइल के पॉपुलर डांस शो 'डांसिंग विद द स्टार्स' में बॉलीवुड गाने 'मुंडियां तो बचके रहीं' पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी, जो अब चर्चाओं में आ गई है। त्साही ने बताया कि ये परफॉर्मेंस उन्होंने भारत, उसकी संस्कृति और बॉलीवुड को ट्रिब्यूट देने के लिए किया। उन्होंने कहा कि भारत में काम करने और लोगों से मिलने का उनका अनुभव बेहद खास रहा। इस खास मौके पर इस्राइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह भी शो में मौजूद रहे।




# बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का मिला था अवार्ड ...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्रेंडा फ्रिकर का 81 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने होम अलोन 2, माई लेफ्ट फुट जैसी फिल्में की। कैजुअल्टी जैसी ड्रामा सीरीज की। उन्हें माई लेफ्ट फुट के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवार्ड मिला था। ब्रेंडा फ्रिकर का जन्म डबलिन में हुआ था। उन्होंने थिएटर से अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद टीवी की दुनिया में कदम रखा। आगे चलकर वह फिल्मों में अभिनय करने लगीं। साल 1977 में ब्रेंडा फिल्म 'कोरोनेशन स्ट्रीट' में नजर आईं। साल 1978 में प्ले फॉर टुडे और लिकिंग हिटलर में भी उन्होंने काम किया। ब्रेंडा फ्रिकर ने बीबीसी के लिए एक मेडिकल ड्रामा 'कैजुअल्टी' भी किया था, इसमें उन्होंने नर्स मेगन का रोल किया था। वह इस शो से कई वर्षों तक जुड़ी रहीं।



# नकाब की ओपनिंग नाइट बनी यादगार...

**नई दिल्ली।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी 25 साल बाद थिएटर में नकाब पर परफॉर्म किया। इस बीच उन्हें अपने पहले ही शो को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और पूरा शो हाउसफुल रहा। शिकागो में शो इस खास मौके को नवाजुद्दीन ने अपनी बेटी शोरा सिद्दीकी के साथ साझा किया। उनके लिए ये पल बेहद भावुक रहा, क्योंकि उन्होंने उसी मंच पर वापसी की, जहां से एक कलाकार के तौर पर उनका सफर शुरू हुआ था। नकाब के जरिए शोरा सिद्दीकी ने भी थिएटर में अपना डेब्यू किया और अपने पिता के साथ मंच पर नजर आईं। इससे पहले ही नवाजुद्दीन की वापसी को लेकर काफी एक्साइटमेंट थी, लेकिन शोरा ने भी अपने कॉन्फिडेंस और शानदार स्टेज प्रेजेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया और शाम की सबसे खास झलकियों में से एक बन गईं।



# नाचे नागिन गली गली पर किया डांस...

**मुंबई।** फिल्म 'नाचे नागिन गली गली' में मीनाक्षी शेषाद्रि को नागिन के रूप में देखा गया था। वहीं, अभिनेता नितीश भारद्वाज उनके अपोजिट दिखे। दिग्गज अभिनेत्री ने फिल्म के टाइटल सॉन्ग को रिक्रिएट किया है। उन्होंने तमाम दर्शकों और प्रशंसकों की गुजारिश पर फिर से इस गाने पर डांस किया है और सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है। अभिनेत्री मीनाक्षी ने फिल्म 'नाचे नागिन गली गली' की यादें फिर से ताजा की हैं। इसी के साथ उन्होंने रीना रॉय और श्रीदेवी को भी याद किया है। अपना डांस वीडियो शेयर करते हुए मीनाक्षी शेषाद्रि ने लिखा है, '70 के दशक के बीच में आई फिल्म 'नागिन' ने बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त धूम मचाई थी। इसमें रीना रॉय मुख्य भूमिका में थीं। 80 के दशक के बीच में श्रीदेवी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'नगीना' के साथ इतिहास ने खुद को दोहराया।

## टीवी मसाला




# शो छोड़ने की खबरों पर दिलीप ने बताया अनबन का सच

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे पॉपुलर और दर्शकों का पसंदीदा कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले कई सालों से लोगों को एंटरटेन कर रहा है। इस शो का हर एक किरदार दर्शकों के दिल के बेहद करीब है, लेकिन अगर जेठालाल की बात करें तो उनके बिना इस शो की कल्पना करना भी मुश्किल है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और खबरों के बाजार में एक अफवाह तेजी से उड़ रही है कि जेठालाल यानी सबके चहेते दिलीप जोशी इस शो को अलविदा कह रहे हैं। इस खबर ने फैंस को तगड़ा झटका दिया था और हर कोई काफी परेशान था। लेकिन, अब खुद दिलीप जोशी ने इस पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और सच सबके सामने रख दिया है। दिलीप जोशी ने इन सभी खबरों को पूरी तरह से अफवाह और बकवास करार दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वे कहीं नहीं जा रहे हैं और शो को छोड़ने का उनका कोई इरादा नहीं है। दिलीप जोशी ने बताया कि जब भी इस तरह की झूठी खबरें सामने आती हैं, तो उन्हें बहुत दुख होता है। वे पिछले कई सालों से इस शो का हिस्सा हैं और दर्शकों से उन्हें जो प्यार मिला है, उसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने फैंस से अपील की है कि वे इस तरह की किसी भी उड़ती हुई खबर पर भरोसा न करें, क्योंकि वे आगे भी जेठालाल बनकर दर्शकों को हंसाते रहेंगे। दरअसल, कुछ समय पहले मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि शो के मेकर्स और दिलीप जोशी के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई है।

## लॉक अप 2 में होगी अपूर्वा की एंट्री?

**नई दिल्ली।** जब 'लॉक अप: सच या सजा' का खेल और भी ज्यादा अनप्रेडिक्टेबल होता जा रहा है, तब इंटरनेट पर एक नया ट्विस्ट सामने



आया है और इसमें अपूर्वा मखीजा का नाम शामिल है। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया पर उनके शो में शामिल होने की संभावना को लेकर खूब चर्चा हो रही है। इंटरनेट पर चर्चा है कि अपूर्वा मखीजा 'लॉक अप 2' में शामिल हो रही हैं। कई फैन पेज और कंटेंट क्रिएटर्स इस संभावना को लेकर अपना उत्साह जाहिर कर रहे हैं और संकेत दे रहे हैं कि अपूर्वा मुखिजा जल्द ही 'लॉक अप' सीजन 2 के घर में एंट्री कर सकती हैं। अपनी बेबाक पर्सनैलिटी और जबरदस्त मौजूदगी के लिए मशहूर अपूर्वा को लेकर यह चर्चा तब और तेज हो गई जब फैंस ने 'द ट्रेटर्स' में उनके शानदार परफॉर्मेंस को याद किया और उन्हें फिर से किसी रियलिटी शो में देखने की इच्छा जताई। एक और यूजर ने कहा, 'रेबेल किड को श्रेया कालरा को ज्यादा स्क्रीन स्पेस देने के लिए लाया गया है'।

# आर्टिकल 370 को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर आदित्य ने जताई खुशी

**मुंबई।** 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं के नाम से पर्दा हट गया है। बीते दिन पुरस्कारों का ऐलान हुआ। यामी गौतम अभिनीत फिल्म 'आर्टिकल 370' को बेस्ट फीचर फिल्म का



पुरस्कार मिला है। इसके अलावा फिल्म ने दो और पुरस्कार जीते हैं। इसी फिल्म के लिए यामी गौतम के नाम का ऐलान सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के तौर पर किया गया है। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन के लिए शशवत सचदेव ने पुरस्कार जीता है। इस पर आदित्य धर ने खुशी जताई है और यह वादा किया है कि वे इसी तरह की कहानियां लाते रहेंगे। आदित्य धर ने लिखा है, 'फिल्म 'आर्टिकल 370' के लिए तीन नेशनल अवॉर्ड जीतना एक ऐसा पल है, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। यह अनुभव मुझे विनम्र और भावुक बनाता है और मेरा दिल गहरे आभार से भर देता है। जब हमने यह फिल्म बनाने का फैसला किया, तो हमारा मकसद अवॉर्ड पाना नहीं था। हम ईमानदारी, हिम्मत और सच्चाई के साथ




एक कहानी कहने के पक्के इरादे से प्रेरित थे। यह देखना वाकई बहुत सुखद है कि देश भर के दर्शकों ने इस सफर को पसंद किया और अब इसे भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान से नवाजा गया है। इस शानदार सम्मान के लिए सम्मानित जूरी का और उन सभी लोगों का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने 'आर्टिकल 370' देखी, उसे सपोर्ट किया, उस पर चर्चा की और उसमें भरोसा जताया।

# चर्चा में आया सलमान का नया लुक! कुछ लोगों ने धर्मेंद्र से की तुलना

**मुंबई।** सलमान खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर चर्चा में हैं। इससे पहले सलमान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर कई फैंस ने इसलिए चिंता जताई है कि सलमान खान की सेहत काफी घट गई है। सलमान खान दशकों से अपनी फिटनेस के लिए मशहूर हैं। ऐसे में उनकी सेहत का घटना उनके फैंस के लिए हैरानी की बात है। आपको बता दें कि सलमान खान हाल ही में मुंबई में एक प्रोग्राम में शामिल हुए। यहां उन्होंने हल्के ऑलिव ग्रीन रंग की शर्ट पहनी। उन्होंने कैप से अपने लुक को पूरा किया। वीडियो में उनका चेहरा पहले की तुलना में काफी अलग नजर आ रहा है। वह काफी थके हुए नजर आए। इसलिए उनका



यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सलमान खान के लुक को लेकर एक यूजर ने लिखा 'सलमान खान को क्या हुआ? पहले मुझे लगा कि वह सलमान खान नहीं है, फिर मैंने शेरा को देखा। वह धर्मेंद्र के जैसे उम्रदराज लग रहे हैं।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'दोस्तों सलमान खान को क्या हुआ है? उनका चेहरा देखिए, वह दादा की तरह लग रहे हैं। वह ठीक से चल भी नहीं पा रहे हैं।'

### किरदार में ढलने के लिए ली सख्त ट्रेनिंग

कुछ दूसरे फैंस ने अंदाजा लगाया कि हो सकता है कि सलमान खान ने अपनी नई फिल्म के लिए अपना लुक बदला हो। कुछ यूजर्स ने अंदाजा लगाया कि सलमान खान की बढ़ती उम्र की वजह से ऐसा हुआ होगा। इस मामले पर अभिनेता या उनकी टीम की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सलमान खान के काम की बात करें तो उनके पास फिल्म 'मातृभूमि' है। इसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की है। अपने किरदार में ढलने के लिए उन्होंने सख्त ट्रेनिंग ली है। वह एक नई फिल्म में नयनतारा के साथ नजर आने वाले हैं।

## मैंने प्यार किया से मिली ब्लॉकबस्टर सफलता और पहचान

# लता-रफी ने गाए जिनके गीत, ताउम्र झेलनी पड़ी बी-ग्रेड फिल्मों की मार

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में कई संगीतकार और गीतकार ऐसे रहे हैं, जिन्होंने ताउम्र मेहनत की, लेकिन शायद उन्हें सफलता तब हासिल हुई, जब जिंदगी के वह आखिरी पड़ाव पर थे। सिनेमा में एक ऐसे ही गीतकार रहे, जिन्होंने खूब मेहनत की, जिनके लिखे गीतों को लता मंगेशकर ने गाया। मोहम्मद रफी भी जिनके लिखे गीतों को गा चुके हैं। आज कहानी उसी फनकार की...*



### ऐसे हुई कॅरियर की शुरुआत

असद भोपाली कॉलेज के दिनों से ही शेर-ओ-शायरी करते थे। वो मुशायरों में जाते थे। वो दौर आजाजी के बाद का था जब साल 1949 में मशहूर फिल्म निर्माता फाजली ब्रदर्स अपनी फिल्म 'दुनिया' के लिए नए गीतकार की तलाश में थे। दरअसल उनकी फिल्म मुख्य गीतकार आरजू लखनवी महज दो गाने लिखकर पाकिस्तान चले गए थे। ऐसे में फाजली ब्रदर्स को नए गीतकार की तलाश थी और फिर वह भोपाल एक मुशायरे में गए, जहां उनकी मुलाकात असद भोपाली से हुई। ये मुशायरा भोपाल के एक सिनेमा हॉल मालिक सुगम कपड़िया की सलाह पर फाजली ब्रदर्स ने भोपाल के 'भोपाल टॉकीज' में आयोजित करवाया। यहीं पर फाजली ब्रदर्स ने असद भोपाली को अपनी फिल्म में गीतकार के लिए साइन कर लिया।

### कौन थे असद भोपाली?

आज जिस फनकार का जिक्र हम कर रहे हैं उनका नाम था असद भोपाली। असद भोपाली ने अपने करियर में कम लेकिन बेहद कल्ट गाने लिखे, जिन्हें पसंद करने वालों की फेहरिस्त आज भी है। यहां तक कि उनके गाने आज भी सुपरहिट हैं। हालांकि उन्हें वो पहचान नहीं मिल पाई, जिसके वह हकदार थे। असद भोपाली का जन्म मध्यप्रदेश के भोपाल में 10 जुलाई 1921 को को हुआ था। उनका असली नाम असदुल्लाह खान था। हालांकि फिल्मों में आने के बाद उनका नाम बदल गया। उनके पिता अरबी और फारसी भाषाओं के शिक्षक थे, तो ऐसे में उन्हें इन भाषाओं का अच्छा ज्ञान था।

### सिनेमा को दिए कई हिट गाने

आखिरकार फिल्म दुनिया से असद भोपाली ने फिल्मी दुनिया में कदम रखा। इस फिल्म के लिए उन्होंने 'रोना है तो चुपके चुपके' और सुरैया की आवाज में 'अरमान लुटे, दिल टूट गया' जैसे गाने लिखे। हालांकि उनके करियर में बड़ा ब्रेक उन्हें मिला साल 1951 में आई फिल्म अफसाना से। इस फिल्म को बी.आर चोपड़ा ने बनाया था। इस फिल्म के लिए उन्होंने 6 गाने लिखे। फिल्म के एक गाने को लता मंगेशकर ने गाया और उसे असद भोपाली ने ही लिखा था। यह गाना हिट रहा और यहीं से असद भोपाली की किस्मत बदली। धीरे-धीरे ही सही लेकिन हां असद भोपाली का नाम सिनेमा में चल पड़ा।

### करियर की सबसे बड़ी फिल्म साबित हुई

असद भोपाली ने अपनी जिंदगी के अंतिम पड़ाव में भी वो कमाल किया, जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। साल 1989 में आई राजश्री प्रोडक्शंस की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' असद भोपाली के करियर की सबसे बड़ी फिल्म साबित हुई। इस फिल्म के लिए उन्होंने 'कबूतर जा जा जा' और 'दिल दीवाना' जैसे हिट गाने लिखे। ये गाने लिखकर ये साबित किया कि वे बदलते दौर के साथ भी खुद को ढाल सकते हैं।

### 100 से ज्यादा फिल्मों में 400 से ज्यादा गाने

असद भोपाली ने अपने 40 साल के करियर (1949-1990) में लगभग 100 से अधिक फिल्मों के लिए 400 से ज्यादा गाने लिखे। हालांकि यह नहीं है कि उनके गाने हिट नहीं हुए। उनके कुछ ऐसे कल्ट गाने भी बने, जो ब्लॉकबस्टर बने। साल 1963 में उन्होंने फिल्म पारसमणि के लिए गीत लिखे। इस फिल्म के गाने हिट रहे। फिल्म का एक गाना 'हंसता हुआ नूरानी चेहरा' आज भी सुपरहिट है। इस गाने को लता मंगेशकर और कमल बरोत ने गाया था। इसके अलावा उन्होंने साल 1972 में आई फिल्म रूप तेरा मस्ताना के लिए 'सौ बार जनम लेंगे, सौ बार फना होंगे', 1965 में आई फिल्म एक सपेरा एक लुटेरा के लिए 'हम तुमसे जुदा होके, मर जाएंगे रो-रो के' समेत कई गाने गाए।

## खबर संक्षेप



### सैनिक स्कूल में हुई शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में भारतीय शास्त्रीय कला एवं संस्कृति से ओतप्रोत भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। प्राधानाचार्य कर्नल राजेश बैंदा, कैंपस की प्रथम महिला श्रीमती नीतू बैंदा स्टाफ एवं कैडेट्स की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय परंपराओं की आध्यात्मिक गहराई, सौंदर्य और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया। प्रसिद्ध नृत्यांगना उषा रानी बैश्य ने आकर्षक शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान उनके साथ कृष्णकांत दास ने खाले वादन, उपेन बरगायन ने गायन तथा डॉ.जादव बोरा ने ताल वादन के माध्यम से संगत किया। कलाकारों ने संगीत, लय, ताल और भाव-भंगिमाओं के समन्वय से दर्शकों को सत्रिया नृत्य की भक्तिमय एवं आध्यात्मिक दुनिया से परिचित कराया। मालूम हो कि उषा रानी वैश्य उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार से सम्मानित है तथा कीर्तन कला केंद्र की संस्थापक एवं प्राधानाचार्य है। नृत्य की मुद्राओं, मधुर संगीत और जटिल तालों के माध्यम से कलाकारों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक प्रस्तुत की। अंत में श्रीमती नीतू बैंदाने कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के नए जीएम ऑपरेशन बने अतुल एसबी सिंह

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल मुख्यालय द्वारा खनन संचालन को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए खनन माइनिंग संवर्ग के 8 वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। 19 जुलाई को जारी इस आदेश के तहत बिश्रामपुर क्षेत्र में नए महाप्रबंधक संचालन की पदस्थापना हुई है, जिससे क्षेत्र की खदानों के संचालन, उत्पादन और विकास कार्यों में नई गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। जारी आदेश के अनुसार कुसमुंडा ओपन कास्ट परियोजना में महाप्रबंधक माइनिंग के पद पर कार्यरत अतुल एसबी सिंह को तत्काल प्रभाव से बिश्रामपुर क्षेत्र का महाप्रबंधक ऑपरेशन नियुक्त किया गया है। वहीं अब तक बिश्रामपुर क्षेत्र में जीएम ऑपरेशन की जिम्मेदारी संभाल रहे गिरीश कुमार राय का तबादला कुसमुंडा क्षेत्र में जीएम ऑपरेशन एवं स्टाफ ऑफिसर प्लानिंग एंड प्रोजेक्ट्स के पद पर किया गया है। इसके अलावा अरविंद कुमार राय जीएम ऑपरेशन कुसमुंडा से एसएएम कुसमुंडा ओपन कास्ट, राकेश कुमार मैनेजर गेवरा ओसी से स्टाफ ऑफिसर पीएंडपी सोहागपुर क्षेत्र, मितेश मधुप एसओ एलएंडआर दीपका से मैनेजर दीपका ओपन कास्ट, उमेश कुमार मैनेजर दीपका ओपन कास्ट से मैनेजर गेवरा ओपन कास्ट, विनोद बी.मैनेजर झिरिया भूमिगत खदान हसदेव क्षेत्र से एसओ एलएंडआर दीपका क्षेत्र, रंजीत कुमार ध्रुवा वरिष्ठ प्रबंधक माइनिंग जोहिला क्षेत्र से मैनेजर झिरिया अंडर ग्राउंड हसदेव क्षेत्र में पदस्थ किया गया है।

### जोन स्तरीय बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा

**रामचंद्रपुर।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा शनिवार को रामचंद्रपुर में जोनस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में संकुल केंद्र रामचंद्रपुर, कालिकापुर, मचवाडामर, लोधा, गाजर, टिकीदिरी, दोलंगी एवं सिलाजु के संकुल प्राचार्य एवं समन्वयक शामिल हुए। बैठक में बीईओ ने स्कूल के बैंक खाता, यूडाइस में विद्यार्थियों से संबंधित जानकारी, उल्लास नवभारत अंतर्गत सर्वे एवं ऑनलाइन एंट्री, विद्यार्थी सर्वे, ऑनलाइन उपस्थिति, पुस्तक वितरण एवं स्केनिंग, मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति पोर्टल में एंट्री जाति प्रमाण पत्र बनाने की वर्गवार जानकारी शाला संचालन के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों को नियमित ऑनलाइन उपस्थिति पर जोर दिया। संकुल प्राचार्य एवं समन्वयकों ने बैठक में संबंधित जानकारी प्रदान की।

## प्राध्यापक एवं शोधार्थी हो रहे हतोत्साहित

# एसजीजीयू ने पीएचडी के लिए निर्धारित शुल्कों में की डेढ़ गुना से दोगुना तक की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**

- जो सुविधा उपलब्ध नहीं उसके लिए भी वसूली जा रही राशि
- कई शोधार्थी शोध कार्य छोड़ने हुए मजबूर

अब सरगुजा के मेधावी गरीब, छात्र-छात्राओं को संत गहिरा गुरू विवि से पीएचडी करना आसान नहीं होगा। विवि ने आर्थिक संसाधन विकसित करने के नाम पर कोर्स वर्क सहित अन्य कार्यों के लिए निर्धारित शुल्क में बेतहाशा वृद्धि कर दी है साथ ही कई नए शुल्क भी निर्धारित किए हैं। विवि ने सभी विषयों का कोर्स वर्क विश्वविद्यालय में ही आयोजित करने का निर्णय लिया है जिसकों लेकर अध्ययन केन्द्रों में भी विरोध के स्वर उठने लगे हैं।

शोध कार्यों से ही किसी भी विश्वविद्यालय की पहचान बनती है। एसजीजीयू पिछले कुछ वर्षों से शोधकार्य करा रहा है लेकिन संसाधनों की भारी कमी होने के कारण अभी भी शोध कार्यों में नियमितता नहीं आ सकी है। विवि द्वारा शोध कार्यों के लिए संभाग भर में अलग-अलग शोध कंद्र निर्धारित किए गए हैं जिनके माध्यम से शोध गतिविधियां संचालित की जा रही थी। शोध केंद्र के शोधार्थियों को 6 महीने का कोर्स वर्क कराने के साथ पुस्तक समीक्षा सहित अन्य गतिविधियों को पूरा कराते थे। पूर्व में कोर्स वर्क के लिए 19 हजार का शुल्क निर्धारित किया गया था। शोधकेंद्र बाहर से विशेषज्ञों को बुलाकर उनका व्याख्यान कराते थे तथा अतिथियों को मानदेय का भुगतान कर बची राशि से शोधकेंद्र में संसाधनों का विकास करते थे। एसजीजीयू ने अध्यादेश जारी कर पूर्व में निर्धारित सभी शुल्कों को बढ़ा दिया है साथ ही कई नए शुल्क भी निर्धारित किए है जिससे शोधार्थियों को अब शुल्क के रूप में बड़ी राशि खर्च करनी पड़ेगी तथा सरगुजा जैसे पिछड़े क्षेत्र के गरीब छात्र-छात्राओं के लिए आसान नहीं होगा। विवि के इस निर्णय की क्षेत्र में जमकर आलोचना हो रही है तथा इस निर्णय को शोध गतिविधियों को प्रभावित करने की पहल माना जा रहा है। विवि के अधिकारियों का कहना है कि पीएचडी की उपाधि सामान्य नहीं है तथा उपाधि की दृष्टि से निर्धारित शुल्क अधिक नहीं है। यह भी सत्य है कि एसजीजीयू के अधिकारियों के पास न तो स्वयं के बैठने की पर्याप्त जगह है न ही शोध गतिविधियों के लिए पुस्तकालय सहित अन्य आवश्यक संसाधन ग्रंथालय शुल्क 1500 रूपए एवं ग्रंथालय विकास निधि 250 रूपए निर्धारित किया गया है। विवि द्वारा शोधार्थियों के लिए कई अन्य शुल्क भी निर्धारित किए गए हैं विवि शोध केंद्रों के लिए भी अनेक तरह के शुल्क निर्धारित किए गए हैं विवि शोध केंद्रों के लिए भी अनेक तरह के शुल्क निर्धारित किया है।



निर्माणाधीन एकडमिक बिल्डिंग।

**शुल्क में डेढ़ गुना से अधिक वृद्धि**

पूर्व में विवि द्वारा कोर्स के लिए 19 हजार रूपए निर्धारित किया गया था जिसे बढ़ाकर 25 हजार रूपए कर दिया गया है। विवि ने उपलब्ध फैकल्टी के अनुसार शोध केन्द्रों का निर्धारण किया है तथा विभागवार कोर्स वर्क कराने का विधान है। विवि ने पीएचडी प्रवेश के लिए पूर्व में 500 रूपए का शुल्क निर्धारित किया था जो अब 2500 रूपए हो गया है। शोधार्थियों को अपने गाइड द्वारा विवि को दिए जाने वाले छमाही प्रगति रिपोर्ट के लिए भी 600 रूपए का भुगतान करना होगा तथा समय पर भुगतान नहीं करने पर विवि 500 रूपए का दण्डराशि भी वसूलेगा। शोधार्थियों के पुर्नपंजीयन के लिए 10 हजार रूपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। शोधग्रंथ के मूल्यांकन के लिए विवि विशेषज्ञों को नियुक्त करता है पूर्व में इसका शुल्क 5050 रूपए निर्धारित था जिसे विवि ने अब 8500 रूपए कर दिया है। एसजीजीयू के पास अभी तक पुस्तकालय भवन भी उपलब्ध नहीं है ऐसे में शोधार्थियों द्वारा विवि के निर्णय पर सवालिया निशान लगाना भी गलत नहीं है। विवि द्वारा आवश्यक संसाधनों के अभाव में शोधकार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

**परेशान हैं शोधार्थी**

विवि द्वारा शोधार्थियों से वसूली जा रही भारी-भरकम राशि से सरगुजा के कई विद्यार्थी परेशान हैं तथा आर्थिक तंगी के कारण शोध कार्य छोड़ने की तैयारी में है। शोधार्थियों का कहना है कि विवि की स्थापना शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। विवि शोधार्थियों पर एक रूपए भी खर्च नहीं करता। विवि मात्र शोध ग्रंथ का मूल्यांकन कराता है तथा इसके लिए भी भारी भरकम राशि वसूल रहा है। विवि द्वारा निर्धारित शुल्क से कई चयनित शोधार्थियों ने शोध कार्य से किनारा कर लिया है वहीं कई शोधार्थी मजबूरी में शोधकार्य छोड़ने की बात कह रहे हैं केन्द्रीय विवि शोध को बढ़ावा देने शोधार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर रहे है वही शासन द्वारा फेलोशिप देकर आर्थिक मदद दी जा रही है जबकि एसजीजीयू शोधार्थियों से बड़ी राशि वसूल रहा है। ऐसे में भविष्य में सरगुजा संभाग के विद्यार्थियों का एसजीजीयू के माध्यम से शोध करने का सपना सफल होता नहीं दिख रहा है। पीएचडी के शुल्क वृद्धि का मामला भविष्य में विवि के विरूद्ध बड़ा मुद्दा भी बन सकता है। विवि के निर्णय से शोध केंद्रों के प्राध्यापक भी व्यथित है। विवि समय से सत्र का भी संचालन नहीं कर पा रहा है। हालाकि विवि के अधिकारी आर्थिक स्त्रोतों को विकसित करने के उद्देश्य से शुल्क वृद्धि करने की बात कह रहे हैं।

**की जाएगी समीक्षा**

पीएचडी के लिए निर्धारित शुल्कों की समीक्षा की जाएगी तथा इसके सभी अनुकूल निर्धारित करने के प्रयास किए जाएंगे।

-प्रो.राजेन्द्र लाकपाले
कुलपति, एसजीजीयू

## एनएच पर नहीं थम रही सड़क दुर्घटना
# कार की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम



एनएच 43 पर सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। सुबह मंगारी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 जुनापारा में रविवार की सुबह तेज रफ्तार कार के चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सड़क किनारे जा रहे युवक को पीछे से टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक उछलकर 15 मीटर दूर जा गिरा जिससे गंभीर चोट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

मंगारी कोलतापारा निवासी अर्जुन बखला आ.पैगा (45 वर्ष) तड़के लगभग 5.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नाला से शौच के बाद सड़क किनारे पैदल चल कर घर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे कार क्रमांक सीजी 15 ईसी 5927 के चालक ने वाहन तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए युवक को पीछे से टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक उछलकर लगभग 15 मीटर दूर जा गिरा जिससे गंभीर चोट लगने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक कार लेकर भाग रहा था जिसे ग्रामीणों ने पकड़ा। इधर घटना की सूचना पर सीतापुर 112 की टीम मौके पर पहुंची और घटना कारित वाहन को बिना परिजन को सूचना दिए मृतक अर्जुन का शव लेकर सीतापुर चल दिए। परिजन सहित ग्रामीण पुलिस की इस कार्य प्रणाली को लेकर आक्रोशित है। ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटना कारित कार चालक सीतापुर के देवगढ़ निवासी टीके सिंह आ. बिरछा सिंह (48 वर्ष) बताया जा रहा है। कार भी टीके सिंह का ही है जिसमें मांगुर मछली लेकर स्वयं ही अंबिकापुर की ओर तेज रफ्तार से जा रहा था और सड़क के नीचे पैदल चल रहे युवक को जबरदस्त टक्कर मार भाग रहा था जिसे ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### पुलिस ने पटना बाजार के समीप से 10 जुआरियों को पकड़ा

**अम्बिकापुर।** रामानुजनगर पुलिस ने पटना बाजार सार्वजनिक स्थान में हार जीत का दांव लगा रहे अलग-अलग फड़ से 10 जुआरियों को पकड़ा। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे रामानुजनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम पटना बाजार सार्वजनिक स्थान पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर दो जगह हार जीत का दाव लगा रहे है। सूचना पर पुलिस ने पहले फड़ में जुआ खेल रहे प्रवीण कुमार सिंह (28 वर्ष), पिन्टु (22 वर्ष), आश्रित एक्का (25 वर्ष), राम भरोस सिंह (38 वर्ष) व विवेक पटेल (30 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित 4 हजार रूपए जब्त किया। इसी प्रकार पुलिस ने दूसरे फड़ में जुआ खेल रहे मानसाय प्रजापति (20 वर्ष), विकास एक्का (21 वर्ष), विशाल एक्का (19 वर्ष), अजय एक्का (22 वर्ष) व सुखनंदन प्रजापति (38 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित 3 हजार 500 रुपये जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

# सरपंच की दबंगई, क्रय किए गए भूमि पर जबरन किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर



सरपंच की दंबगई और जबरन जमीन कब्जा किए जाने से गांव के लोग भयभीत हैं। ग्राम सरपंच द्वारा बड़े पैमाने पर गांव की भूमि पर जबरन कब्जा कर खेती किया जा रहा है। घटना लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम माजा का है जहां के ग्राम सरपंच खेमराज सिंह अपने भाईयो और साथियों के साथ मिलकर कई लोगों की जमीन पर जबरन कब्जा कर खेती किए जाने का आरोप लग रहे हैं।

ग्रामीण रामचंद्र सिंह आ. रामजीत (60 वर्ष) पुत्र अवधेश सिंह ग्राम अंधला निवासी ने बताया कि उनके द्वारा 1989-90 में ग्राम माजा में 5 एकड़ से अधिक भूमि क्रय किया गया। सरपंच खेमराज अपने भाइयों और साथियों के साथ मिलकर अपने पद का गलत उपयोग करते हुए क्रय किए भूमि पर जबरन कब्जा कर खेती किया जा रहा है। पीड़ित द्वारा जब विरोध करते है तो सरपंच द्वारा मारपीट करने की धमकी दी जाती है। परेशान होकर पीड़ित घटना की शिकायत लखनपुर थाने में की। थाने से उन्हें फैना काटकर तहसील न्यायालय भेज दिया गया। वहीं पीड़ित ग्रामीण अब अपनी खुद की क्रय किए हुए जमीन को पाने न्याय की गुहार शासन प्रशासन से लगा रहे हैं।

इस संबंध में सरपंच खेमराज सिंह ने बताया कि पूर्व में हमारे पिताजी बिग़न राम द्वारा सभी के नाम पर जमीन खरीदा गया। वर्तमान उक्त जमीन रामचंद्र सिंह के नाम पर दर्ज है। हम लोगों द्वारा कुछ भूमि में खेती किया गया है बाकी चार एकड़ जमीन छोड़ दिया गया है। उन्हें मेरे द्वारा कोई धमकी नहीं दिया गया है।

# छात्रों की गूंज कार्यक्रम के तहत युवाओं तक पहुंची युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बदहाल शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ बुलंद की आवाज



छात्रों की गूंज अभियान को आदित्येश्वर शरण सिंह देव के मार्गदर्शन में जिले चलाया जा रहा है। युवा कांग्रेस द्वारा जिले के विभिन्न छात्रावासों, कोचिंग संस्थानों एवं एकेडमियों में विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा देश की बदहाल शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। छात्रों से उनकी विचार जाना कि आखिर कैसी शिक्षा चाहते हैं जिसके लिए उनका रजिस्ट्रेशन भी कराया गया।

युवा कांग्रेस आरटीआई सेल के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल एवं विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में विद्यार्थियों से मिलकर लगातार हो रहे पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं, रोजगार की कमी और शिक्षा व्यवस्था की गिरती गुणवत्ता को लेकर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की। हिमांशु जायसवाल ने कहा कि आज देश का छात्र अपने भविष्य को लेकर सबसे अधिक चिंतित है पर शिक्षा मंत्री व्यस्त है नीट के पेपर लीक से जिन छात्रों का जीवन बर्बाद हुआ है उसको सरकार की तरफ से कंपनसेशन मिलनी चाहिए साथ ही एनटीए को हटा कर ओर पारदर्शी तरीके से परीक्षा करवानी चाहिए जबकि एक साल में नीट के परीक्षार्थी जितनी फीस कोचिंग ओर परीक्षा देने में खर्च करते है उतना ही देश का शिक्षा बजट है। एक ओर छात्र दिन-रात मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर लगातार पेपर लीक की घटनाएं उनकी मेहनत और सपनों पर पानी फेर रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि इन गंभीर मुद्दों पर सरकार पूरी तरह मौन बनी हुई है। विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था आज आईसीयू में पहुंच चुकी है। शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है, युवाओं का भविष्य असुरक्षित होता जा रहा है और सरकार केवल बड़े-बड़े दावे करने में व्यस्त है। यदि समय रहते शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गंभीर संकट में पड़ जाएगा। छात्रों की गूंज अभियान के माध्यम से छात्रों की आवाज को गांव-गांव, शहर-शहर और सरकार तक पहुंचया जाएगा। छात्र हितों की रक्षा, पेपर लीक पर कठोर कानून, पारदर्शी परीक्षा प्रणाली तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मांग को लेकर युवा कांग्रेस लगातार संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में गौतम गुप्ता, आयुष गुप्ता, प्रमोद जायसवाल, सत्यम यादव,वैभव पांडेय आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए

# कार्यशाला में निवेश एवं शेयर बाजार की दी गई जानकारी



**अम्बिकापुर।** पीजी कॉलेज में वाणिज्य विभाग, कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता एवं प्रतिभूति विश्लेषण विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ.प्रदीप पाण्डेय ने विद्यार्थियों को निवेश एवं वित्तीय बाजार से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी तथा कहा कि निवेश करने से पूर्व व्यक्ति को अपनी वित्तीय आवश्यकताओं, निवेश अवधि, जोखिम उठाने की क्षमता तथा निवेश के उद्देश्य का समुचित मूल्यांकन करना चाहिए। केवल किसी के सुझाव या अफवाह के आधार पर शेयर बाजार में निवेश करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि दीर्घकालीन एवं योजनाबद्ध निवेश व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दौरान प्रतिभूति विश्लेषण के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। विद्यार्थियों को कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन, बाजार की स्थिति, लाभप्रदता, विकास की संभावनाओं तथा अन्य संकेतकों के आधार पर निवेश संबंधी निर्णय लेने की प्रक्रिया से परिचित कराया गया।


**TOP IN KORIYA**

**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742


# जीवन ज्योति हॉस्पिटल में 10वीं बटालियन के स्टाफ और परिजन के लिए लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जीवन ज्योति सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रविवार को 10वीं बटालियन, सिलफिली के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के लिए एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती कविता ठाकुर, सहायक कमांडेंट, 10वीं बटालियन एवं बीपी सिंह, सहायक कमांडेंट, 10वीं बटालियन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि डायरेक्टर श्रीमती संध्या सिंह एवं डॉ. स्नेहा सिंह द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती कविता ठाकुर ने कहा कि बटालियन के जवानों एवं कर्मचारियों का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं फिट रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जीवन ज्योति हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम भविष्य में भी इसी प्रकार स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर बटालियन के कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराती रहेगी। बीपी सिंह ने अस्पताल प्रबंधन द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक एवं जनहितकारी कार्य की सराहना की। अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. संतोष ने अस्पताल की 15 वर्षों की सफल यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीवन ज्योति हॉस्पिटल अपनी विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं एवं समर्पित कर्मचारियों के सहयोग से लगातार क्षेत्रवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया गया। इसमें डॉ. जेके सिंह द्वारा 30 मरीजों का परीक्षण, डॉ. एमके तिवारी द्वारा 35 मरीजों का परीक्षण, डॉ. स्नेहा सिंह द्वारा 35 मरीजों का परीक्षण, डॉ. धनुष कुमार द्वारा 25 मरीजों का परीक्षण, डॉ. विनय कर्णिक द्वारा 30 मरीजों का परीक्षण,. डॉ. अभिजीत द्वारा 30 मरीजों का परीक्षण, डॉ. उत्तम कुमार सिंह द्वारा 25 मरीजों का परीक्षण, डॉ. श्रेया सिंह द्वारा 15 मरीजों का परीक्षण एवं आवश्यक परामर्श दिया गया।










## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही एक युवक ने दूसरे युवक की बेदम पिटाई कर दी। विवेक सिंह आ. रामप्रीत (25 वर्ष) ने प्रतापपुर थाने में दर्ज कराई है कि सुबह घर के समीप खड़ा था तभी राजू उर्फ बुधराम आ. स्व. राम साय सिंह (33 वर्ष) ने कदम चौक के समीप हुए पुराने विवाद की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब मना किया तो राजू ने मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करवां में कराया गया न्योता भोज



करवां। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करवां में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत न्योता भोजन का आयोजन किया गया। विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती आरती दुबे ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज कराया, साथ ही सभी अतिथियों एवं बच्चों के साथ मिलकर केक काटकर अपना जन्मदिन उत्साह पूर्वक मनाया। न्योता भोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि समाज और परिवार को जोड़ने वाला सशक्त माध्यम भी है। इस अवसर पर विद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा स्कूल चलें हम अभियान के उद्देश्यों की जानकारी भी अभिभावकों को दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समुदाय के बीच आत्मीयता, सहयोग एवं विद्यालय के प्रति विश्वास को मजबूत करना था। इस दौरान प्रधानपाठक निर्मला कुजूर, संकुल समन्वयक मो. मोबिनउद्दीन अंसारी, शिक्षक बीआर राजवाड़े, श्रीमती पार्वती भगत, श्रीमती रुबी सिंह, दीप्ति भगत, बद्री प्रसाद एक्का, जयदेव पैकरा सहित अभिभावक व जनप्रतिनिधि एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कन्या स्कूल में साफ-सफाई

**भैयाथान।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने भाग लेकर विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संदेश दिया। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर, उद्यान, भवन के आसपास एवं खुले स्थानों में उगी घास-फूस और खरपतवार को हटाया गया। छात्राओं एवं शिक्षकों ने सामूहिक श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया।

## घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल चिरमिरी भेजा गया

# हल्दीबाड़ी यातायात चौक पर पिकअप और ट्रक की भीषण टक्कर में चार हुए घायल

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

जिले के चिरमिरी के हल्दीबाड़ी यातायात चौक पर पिकअप और ट्रक के बीच हुई जोरदार भिड़ंत का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक का खलासी, पिकअप चालक और स्कूटी सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की रफ्तार इतनी तेज थी कि सड़क किनारे स्थित दो दुकानों में रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर घायलों को बाहर निकाला।

सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल चिरमिरी भेजा गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारु कराया। पुलिस ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। 20 जुलाई को चिरमिरी शहर के सबसे व्यस्त इलाका हल्दीबाड़ी मेन मार्केट

**सीसीटीवी फुटेज आया सामने**




सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां दो वाहनों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और दोनों वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मुख्य सड़क पर लंबा जाम लग गया, जिससे बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों और वाहन चालकों को काफी देर तक परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही चिरमिरी पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया और यातायात व्यवस्था को सामान्य कराने में जुट गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। हल्दीबाड़ी मेन मार्केट में अन्य दिनो की तरह भारी आवाजाही बनी हुई थी। बाजार में खरीदारी करने वालों, दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लगातार आवाजाही के बीच अचानक दो वाहन आमने-सामने टकरा गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। हादसे के बाद दोनों वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और चालक वाहन के अंदर ही फंस गए। दुर्घटना होते ही आसपास मौजूद लोग मौके की ओर दौड़ पड़े और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों घायलों को वाहनों से बाहर निकाला। इसके बाद तत्काल एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी गई। प्राथमिक उपचार के लिए दोनों घायल चालकों को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों की स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार निगरानी रखी हुई है। घटना के बाद कुछ समय के लिए पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। दुर्घटना के कारण हल्दीबाड़ी मेन रोड पूरी तरह जाम हो गई। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाजार क्षेत्र होने की वजह से जाम का असर दूर तक देखने को मिला। स्कूली वाहन, निजी वाहन, मालवाहक गाड़ियां और रोजमर्रा के काम से निकलने वाले लोग काफी देर तक जाम में फंसे रहे। कई लोगों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा।

## किसानों के नाम पर फर्जी ऋण आहरण मामले में कम्प्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार



सीतापुर। किसानों का फर्जी हस्ताक्षर करके 1 करोड़ 92 लाख से अधिक के घोटाला मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पेटला के कम्प्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार किया है। घोटाले के मामले में सीतापुर पुलिस की ओर से

- कलेक्टर के निर्देश पर जांच में हुई थी 1 करोड़ 92 लाख से अधिक के गबन की पुष्टि

बीएनएस की धारा 318, 316(5), 61(2) एवं 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज है। प्रारंभिक जांच में कलेक्टर सरगुजा द्वारा गठित जांच दल ने पाया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की पेटला शाखा में 127 किसानों के फर्जी हस्ताक्षर कर उनके खातों से कुल 1 करोड़ 92 लाख 82 हजार 96 रुपये का अनियमित आहरण किया गया था। इस मामले का खुलासा होने पर किसानों ने जमकर हंगामा मचाया था। सैकड़ो की संख्या में पीड़ित किसान कलेक्टर से मिलकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। किसानों के विरोध के बाद कलेक्टर ने टीम गठित कर पूरे मामले की जांच कराई थी। जांच में तत्कालीन शाखा प्रबंधक, सहायक लेखापाल, कैशियर, सामान्य सहायक, दैनिक वेतनभोगी कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य अधिकारियों एवं समिति प्रबंधक को संयुक्त रूप से दोषी पाया गया था।जिसके आधार पर कलेक्टर के निर्देशानुसार केसीसी ऋण घोटाले में शामिल शाखा प्रबंधक समेत सभी कर्मचारियों पर पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों की गिरफ्तारी में जुटी हुई थी। इसी दौरान बैंक में दैनिक वेतनभोगी के रूप में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर सूरजपुर जिले के जयनगर निवासी 29 वर्षीय दीपक कुमार चक्रधारी आ. मनोहर राम को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के दौरान आरोपी युवक ने केसीसी ऋण घोटाले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। जिसके बाद युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय के आदेश पर आरोपी युवक को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह, सउनि डेविड मिंज, प्रधान आरक्षक नंदकुमार प्रजापति, तिजलाल पैकरा, आरक्षक महेंद्र कुमार नाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## माशा लटमा का बीईओ ने किया निरीक्षण




**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लटमा में सोमवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक के द्वारा औच्चक निरीक्षण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लटमा में सोमवार को बीईओं सोनहत अरविंद सिंह तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एरोन बखला द्वारा दोपहर के समय औच्चक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारीद्वय द्वारा कक्षाओं में पहुँच छात्र छात्राओं से सवाल पूछे गए और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उक्त अधिकारियों द्वारा सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली और सवाल भी पूछे गए। साथ ही अधिकारियो ने विभागी की विभिन्न गतिविधियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## एसईसीएल में यूनियन सदस्यता सत्यापन को लेकर हलचल तेज

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल में वर्ष 2026 के यूनियन सदस्यता सत्यापन को लेकर हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार चेक-ऑफ सिस्टम के तहत प्रस्तावित सदस्यता सत्यापन के लिए एसईसीएल प्रबंधन अगले सप्ताह आधिकारिक सर्कुलर जारी कर सकता है। इसके अलावा जल्द ही प्रबंधन और विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच महत्वपूर्ण बैठक होने की संभावना भी जताई जा रही है।

बैठक में सदस्यता सत्यापन की प्रक्रिया, समय-सारिणी और नियमों पर चर्चा हो सकती है। एसईसीएल में सदस्यता सत्यापन को लेकर हर बार श्रमिक संगठनों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती है। यही कारण है कि इस बार भी कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में यूनियनों ने अपने-अपने सदस्यता अभियान तेज कर दिए हैं। श्रमिकों से लगातार संपर्क किया जा रहा है और संगठन विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। एसईसीएल में होने वाले सदस्यता सत्यापन में परंपरागत रूप से बीएमएस, एचएमएस, इंटक, एटक हिस्सा लेते हैं। वहीं सीटू अब तक चेक ऑफ प्रणाली से दूरी बनाए हुए है। हालांकि श्रमिक संगठनों के बीच यह चर्चा भी तेज है कि सीटू वर्ष 2027 से चेक ऑफ सिस्टम के तहत सदस्यता सत्यापन प्रक्रिया में शामिल हो सकता है।

## कोरिया कुमार की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने अर्पित की श्रद्धाजंलि

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के प्रथम वित्तमंत्री एवं अविभाजित मप्र में लंबे समय तक जल संसाधन मंत्री रहे डॉ. स्व. रामचंद्र सिंहदेव के पूण्यतिथि 20 जुलाई को कांग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। जानकारी के अनुसार शहर के गेज नदी तट पर स्थित कुमार वाटिका पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री व कोरिया कुमार डॉ स्व. रामचंद्र सिंहदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पाजलि अर्पित कर याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

इसके अलावा शहर के हृदय स्थल कुमार चौक पर डॉ. स्व. रामचंद्र सिंहदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने डॉ. स्व. सिंहदेव के सादगी एवं ईमानदारी को याद करते हुए कहा कि डॉ. रामचंद्र सिंहदेव का संपूर्ण जीवन




ग्रामीणविकास और गरीब तबके के लोगों के उत्थान के लिए रहा इसी संकल्प के साथ डॉ स्व. रामचंद्र सिंहदेव को कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके विचारधारा एवं कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हुए पुण्य तिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि दी। स्व. रामचंद्र सिंहदेव के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने बैकुण्ठपुर के पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव, जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## भाजपा जिला बैठक, संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।

भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया की आवश्यक बैठक आज भाजपा जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मंडलवार संगठनात्मक समीक्षा करते हुए बूथ समितियों के गठन, शक्ति केंद्र बैठकों की तैयारी, मंडल स्तर पर विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के गठन तथा आगामी माह के संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णबिहारी जायसवाल के साथ जिला जिला पदाधिकारी एवं मण्डल अध्यक्ष उपस्थित रहे। प्रदेश संगठन के निदेर्शानुसार यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक मंडल की बैठक के तत्काल बाद उपस्थित एवं अनुपस्थित पदाधिकारियों की जानकारी जिला कार्यालय को भेजी जाएगी। इसी




प्रकार जिला स्तर की बैठकों में उपस्थित एवं अनुपस्थित जिला पदाधिकारियों की जानकारी भी प्रदेश कार्यालय को प्रेषित की जाएगी। बैठक में मंडल अध्यक्षों एवं शक्ति केंद्र प्रभारियों के साथ शक्ति केंद्र बैठकों, 'मन की बात' कार्यक्रम तथा बूथ समिति की नियमित बैठकों के सफल आयोजन हेतु विस्तृत कार्ययोजना भी तैयार की गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, बसंत राय, अनिल साहू, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला मंत्री शिवकुमारी सोनपाकर, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, सह कार्यालय मंत्री मनोज साहू, मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, दीपा विश्वकर्मा, किशोर सिरदार, संजय चिकनजूरी, राजाराम राजवाड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र साहू, कुबेर साहू, जनपद सदस्य रंजीत मंडल, महामंत्री सत्यम साहू, सुरेश राजवाड़े, डॉ भुवन साहू सहित पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रिमझिम फुहार के बीच पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जिले के ग्राम हस्तिनापुर स्थित एक स्टोन क्रेशर परिसर में सोमवार को रिमझिम बारिश के बीच भव्य वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकतार्ओं, पर्यावरण प्रेमियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विभिन्न प्रजातियों के पौधों के रोपण से हुई।

रिमझिम बारिश के बीच उपस्थित अतिथियों और ग्रामीणों ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इसके बाद आयोजित पर्यावरण संगोष्ठी में वक्ताओं ने जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण, जैव विविधता और वृक्षों के महत्व पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल



करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। आयोजक एवं पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की अपील करते हुए हर व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य उजित नारायण सिंह, जमुना पाण्डेय, पंकज कांत दुबे, राजेश सिन्हा, एल्डरमैन राम लखन शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता बबलू दास, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, आलोक जायसवाल, अधिवक्ता आशीष सिंह, रोहित वर्मा, पार्षद अनिल प्रजापति, जमील शाह, अजय जायसवाल, स्वप्निल सिन्हा, रवि जैन, अशोक खटीक, जनार्दन केवट, अशोक नाविक, रामबली, आदित्य राज डेविड, कक्के सरदार, जयंती यादव, जयनाथ शर्मा, हरि, रामू पटेल, मंधारी, राजकुमारी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बरसात में नाली...

की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे कुछ घरों में पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। वहीं खुदाई किए गए गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से मरम्मत कार्य भी प्रभावित हो रहा है। लोगों ने बरसात के दौरान निर्माण कार्य में तेजी लाने और आवागमन की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

खोदे गए गड्ढों से बढ़ी परेशानी- कॉलोनी के लोगों ने बताया कि नाली निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढों के कारण गलियों से गुजरना मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को हो रही है। कई स्थानों पर गड्ढों के कारण वाहन अनियंत्रित होने की स्थिति भी बन रही है। वहीं पैदल चलने वाले लोगों को भी संभलकर आवाजाही करनी पड़ रही है।

### विवेचना की गुणवत्ता...

थानों से आए उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक एवं प्रधान आरक्षक स्तर के विवेचकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान अधिकारियों ने विवेचना से जुड़े कानूनी एवं व्यावहारिक विषयों पर विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कानूनविदों ने वास्तविक मामलों के उदाहरणों के माध्यम से विवेचना की बारीकियों को समझाया और न्यायालयीन प्रक्रिया में आने वाली चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उपाय बताए। कार्यक्रम में जिला लोक अभियोजन अधिकारी बैकुण्ठपुर एच.के. पाण्डेय, अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक प्रमोद केरकेट्टा (मनेंद्रगढ़), सौरभ समाया (जनकपुर), फकीर चंद (बैकुण्ठपुर), जितेन्द्र कुमार (मनेंद्रगढ़), सहायक शासकीय अधिवक्ता गोपाल दास (मनेंद्रगढ़), कैलाश विश्वकर्मा (चिरमिरी) तथा विशेष सहायक शासकीय अधिवक्ता (पॉक्सो) घनश्याम राय ने विशेषज्ञ के रूप में अपने विचार रखे। पुलिस विभाग की ओर से नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी दीपिका मिंज, एसडीओपी जनकपुर अलेक्सियस टोप्पो, थाना प्रभारी कोतवाली मनेंद्रगढ़ निरीक्षक विवेक पाटले, थाना प्रभारी केल्हारी निरीक्षक मनीष धुर्वे, थाना प्रभारी चिरमिरी उप निरीक्षक विजय सिंह सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी और विवेचक उपस्थित रहे।

## कायस्थ समाज की बैठक

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

शहर के आमाखेरवा रोड स्थित डीके श्रीवास्तव के निवास पर जय चित्रांश के जयघोष के साथ कायस्थ समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज की सबसे बुजुर्ग सदस्य निर्मला सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति के साथ बड़ी संख्या में समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

बैठक में चित्रगुप्त मंदिर की वर्तमान व्यवस्था, कायस्थ समाज के लिए भवन निर्माण, सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों के नियमित संचालन तथा समाजहित के कार्यों के लिए स्वैच्छिक सहयोग राशि एकत्रित करने सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। उपस्थित सदस्यों ने



समाज के सर्वांगीण विकास एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव भी रखे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्यामबिहारी जायसवाल से कायस्थ समाज के लिए भवन उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी। साथ ही महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से सावन महोत्सव, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के नियमित आयोजन पर सहमति बनी। इस दौरान स्वप्निल सिन्हा, अरुण श्रीवास्तव, रूपेश श्रीवास्तव, राजेश सिन्हा, विकास श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव, सुषमा श्रीवास्तव, बबीता श्रीवास्तव एवं रिंकी श्रीवास्तव सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर ग्लोबल कायस्थ कम्यूनिटी के राष्ट्रीय सचिव बृजभूषण श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, प्रदेश मीडिया मीडिया प्रभारी राजेश सिन्हा, जीकेसी के जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के संरक्षक बीरेंद्र श्रीवास्तव, एमएल श्रीवास्तव, मनोज कुमार खरे, डीके श्रीवास्तव, संजय सिन्हा, धनंजय सिन्हा, मनोज सिन्हा, अमित खरे, रूपेश श्रीवास्तव, मनीष बरियार, पंकज कुमार श्रीवास्तव, कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ के एमसीबी जिलाध्यक्ष स्वप्निल सिन्हा आदि शामिल रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर, 10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411